वन प्रखण्डों से गुजरने वाली नई सड़कों का निर्माण कार्य"

3816. श्री कैलाश नारायण सारंग : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य प्रदेश वन प्रखंडों से गुजरने वाली नई सड़कों के लिए वन विभाग द्वारा भूमि का हस्तांतरण न होए निर्माण कार्य में बाधा आ रही है और इसमें मुख्यतः डाकू प्रभावित क्षेत्रों में स्वीकृत सड़कें, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी कार्यक्रम के अधीन सड़कें तथा आदिवासी क्षेत्र में बनने वाली सड़कें आ रही है ;

(ख) क्या सरकार सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के लिये मध्य प्रदेश के वन विभाग को स्वीकृति प्राप्त सभी सड़कों के लिये राज्य स्तर पर भूमि हस्तान्तरण कार की अनुमति देने का विचार रखती है ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस समस्या के समाधान के लिये कोई योजना बनायी है अथवा बनाने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत केन्द्रीय सरकार के पास 31-7-92 की स्थिति के अनुसार सड़कों के निर्माण के लिए वन भूमि को उपयोग में लाने से संबंधित मध्य प्रदेश का कोई प्रस्ताव लम्बित नहीं है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) लेकिन, वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत प्रस्तावों की जांच के मामलों को और सरल तथा विकेन्द्रीकृत बनाने का लिया गया है।

"राष्ट्रीय बाघ परियोजनाएं"

3817. श्री शिव चरण सिंह : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितनी राष्ट्रीय बांध परियोजनाएं और उनमें से राजस्थान में कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि सवाई माधोपुर बाघ परियोजना देश की सर्वोत्तम बाघ परियोजना थी ;

(ग) क्या यह सच है कि इस परियोजना में बाघ और वन जीव प्रायः समाप्त हो गये है यदि हां, तो उसके क्या कारण ;

(घ) क्या यह सच है कि हाल ही में बाघों का शिकार करते हुए कुछ शिकारी पकड़े गये और उनसे बाघ सहित अनेक जानवरों की खालें बरामद हुई ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या यह सच है कि इसी प्रकार सरिस्का परियोजना और भरतपुर पक्षी विहार में अधिकांश जानवर मार दिये गये है ;

(च) क्या यह सच है कि वहां तैनात अधिकारी इन जानवरों के मारने में शामिल हैं, यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(छ) सरकार इन अभयारण्यों में जानवरों की संख्या में किस तरीके से वृद्धि करने का विचार रखती है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : इस समय देश में 18 बाघ परियोजना क्षेत्र हैं, जिनमें 2 राजस्थान में है ।

(ख) सवाई माधोपुर में रणथम्भौर बाघ रिजर्व देश में सुव्यव स्थित बाघ रिजर्वों में से एक है।

(ग) जी नहीं ।